# विभाग बताएं अब तक कितना बजट खर्च किया

- वित्त विभाग ने सभी विभागों को भेजा पत्र
- वित्त मंत्री के बजट भाषण के लिए मांगा पूरा ब्यौरा




कन्हैया लोधी

**भोपाल, 8 जनवरी. मप्र में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये बजट पेश करने की तैयारियों का सिलसिला लगातार तेज होता जा रहा है. इसी क्रम में वित्त मंत्री के बजट भाषण के लिये भी विभागों से जानकारी का पूरा ब्यौरा मांगा गया है.**

विभागों को ये बताना पड़ेगा कि उन्हें मौजूदा वित्तीय वर्ष में कितना बजट मिला है और अब तक उन्हें कितनी राशि खर्च कर दी है. इसी आधार पर ये तय होगा कि उन्हें नये वित्तीय वर्ष में कितना बजट मिल सकेगा. वित्त विभाग ने कुल 8 बिंदुओं पर विभागों से जानकारी मांगी है और उन्हें जानकारी देने के लिये 15 जनवरी तक का समय दिया गया है. लिहाजा विभागों में जानकारी के लिये माथापच्ची का दौर शुरू हो गया है. पत्र के मुताबिक विभागों को ये भी बताना होगा कि उनके विभाग की महत्वपूर्ण योजनाएं कौन सी है और उनमें कितना लक्ष्य हासिल किया गया है या फिर अब तक की उपलब्धि क्या रही है. हितग्राहीमूलक योजनाओं में अब तक कितनो को फायदा दिलाया गया है, उसका भी पूरा ब्यौरा देना होगा. विभागों में केंद्र प्रवर्तित योजना और केंद्रीय क्षेत्रीय योजना की ताजा स्थिति की जानकारी भी देना होगा. इसी तरह नए योजनाओं के बारे में संक्षिप्त और सारगर्भित जानकारी भी मांगी गई है.

### कितना रोजगार सृजन किया, कितनों को सरकारी नौकरी दी, ये भी बताना होगा

विभागों को ये भी बताना होगा कि उन्होंने मौजूदा वित्तीय वर्ष और पिछले वर्ष की अवधि में रोजगार सृजन के लिये क्या काम किया? कितनों को विभागों में सरकारी नौकरी दी, उनका वेतनमान क्या है? इसकी जानकारी पदवार, श्रेणीवार देना होगा. इसी तरह प्रवासी श्रमिको के कल्याण, थर्ड जेंडर, निराश्रित एवं बेघर अजा, अजा, ओबीसी व अल्पसंख्यक कल्याण के कामों के साथ ही विकसित भारत 2047 के लिये किये गये प्रयासों की भी जानकारी मांगी गई है.

### शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटा कि नहीं?

वित्त विभाग ने विभागों को जो पत्र भेजा है, उसमें ऐसे सभी विषयों के बारे में जानकारी मांगी गई है, जो कि बजट भाषण तैयार करने के लिहाज से महत्वपूर्ण है. इस जानकारी के आधार पर ही नये वित्तीय वर्ष के लिए बजट भाषण तैयार किया जाएगा और इसमें सरकार उपलब्धियों का जिक्र करेगी. पत्र के मुताबिक संबंधित विभाग को ये भी बताना पड़ेगा कि शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिये उन्होंने अब तक क्या किया है. इसी तरह पर्यावरण, वन, जमीन और जल स्त्रोतों का बेहतर प्रबंधन व संरक्षण के साथ ही नवीन और नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विभागों के कामकाज का ब्यौरा मांगा गया है. इसी क्रम में राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल गौ-वंश संवर्धन और संरक्षण, गौचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिये उठाये गये कदम के साथ ही सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिये उठाये गये कदमों के बारे में भी वित्त को बताना होगा. इसी तरह जन स्वास्थ्य, कुटीर और ग्रामोद्योग के विकास एवं संरक्षण के लिये किये गये कामों, औद्योगिक नीति व निवेश प्रोत्साहन, ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व के धरोहरों व पर्यटन स्थलों के संरक्षण, संवर्धन, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये अब तक किये गये कामों का ब्यौरा भी संबंधित विभागों को देना होगा. वहीं लोगों की सुविधा के लिये विज्ञान एवं तकनीकी का प्रयोग, सुगम ग्रामीण परिवहन, ई-परिवहन, झुग्गी मुक्त मप्र के लिये अब तक किये गये कामों की जानकारी भी देना होगा.

# श्री महाकाल महोत्सव के आमंत्रण पत्र जारी, 14 जनवरी से गूंजेगी शिवभक्ति

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे श्री महाकाल महोत्सव का शुभारंभ
- पांच दिनों तक उज्जैन में आस्था, संस्कृति और कला का होगा संगम
- महाकाल महोत्सव में सजेगा सितारों का मंच, शंकर महादेवन से लेकर सोना महापात्रा तक अनेक सितारे आएंगे



नवभारत न्यूज

**उज्जैन.** ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर की पावन नगरी उज्जैन में 14 से 18 जनवरी 2026 तक विक्रम संवत 2082 के अंतर्गत भव्य श्री महाकाल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. पांच दिवसीय इस धार्मिक-सांस्कृतिक उत्सव के लिए आमंत्रण पत्र छपकर जारी हो चुके हैं. श्री महाकाल महोत्सव का शुभारंभ 14 जनवरी को शाम 7 बजे श्री महाकाल महालोक में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे.

नवभारत से चर्चा में वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने बताया कि यह आयोजन संस्कृति संचालनालय, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, त्रिवेणी संग्रहालय, कृषि उद्योग विकास परिषद नई दिल्ली, उज्जैन विकास प्राधिकरण, जिला प्रशासन एवं नगर निगम उज्जैन की सहभागिता से किया जा रहा है. महोत्सव में देश-प्रदेश की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थाओं के साथ विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियों और कलाकारों को आमंत्रित किया गया है.

### प्राचीन इतिहास धर्म और परंपरा

इतिहास से जुड़ी महत्ता को रेखांकित करते हुए बताया गया कि लगभग 2100 वर्ष पूर्व उज्जयिनी के सम्राट विक्रमादित्य द्वारा भी शिव महोत्सव का आयोजन किया जाता था और उसी परंपरा को जीवंत रखते हुए यह आयोजन किया जा रहा है. महोत्सव के दौरान शास्त्रीय, लोक और आधुनिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ शिव-केन्द्रित नृत्य नाट्य, अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी तथा विशेष आयोजन होंगे. ऐसे में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से लेकर महाकाल मंदिर प्रसाद प्रथम कौशिक ने तैयारियां प्रारंभ कर दी है.

### मकर संकांति से शुभारंभ

14 जनवरी की संध्या शंकर महादेवन अपने साथ सिद्धार्थ और शिवम के साथ प्रस्तुति देंगे. 15 जनवरी को मुंबई का द ग्रेट इंडियन क्वायर मंच पर प्रस्तुति देगा. 16 जनवरी को प्रसिद्ध गायिका सोना महापात्रा अपनी आवाज से शिवभक्ति की धारा प्रवाहित करेंगी. 17 जनवरी को श्रेयश शुक्ला और विपिन अनेजा की प्रस्तुति होगी, जबकि 18 जनवरी को शिव-केन्द्रित नृत्य नाट्य के साथ महोत्सव का समापन होगा. भोपाल के भारत भवन में महाभारत के विशेष मंचन की भी प्रस्तुति दी जाएगी.

**यह अतिथि रहेंगे मौजूद**-महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, राज्यसभा सदस्य संत बालयोगी उमेशनाथ, सांसद अनिल फिरोजिया, निगम सभापति कलावती यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे. आमंत्रण पत्रों में संभाग आयुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्लाका भी उल्लेख किया गया है. विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी रहेगी.

**उज्जैन का वैभव बढ़ेगा**-श्री महाकाल महोत्सव के माध्यम से उज्जैन का वैभव देश-विदेश में और अधिक प्रसारित होगा. महाकाल दर्शन के लिए पहले से आ रहे लाखों श्रद्धालुओं की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गृह नगर होने के कारण उज्जैन में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों को लेकर उनकी परिकल्पना इस महोत्सव के माध्यम से और अधिक साकार होती दिखाई दे रही है.


## गांव में बाघिन पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत

**शिवपुरी.** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में स्थित माधव टाइगर रिजर्व की एक बाघिन के रिजर्व सीमा से सटे गांव में पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है. सूत्रों के अनुसार बाघिन ग्राम खुटेला में देखी गई, जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया. सूचना मिलते ही लोग घरों में सिमट गए और खेतों की ओर जाने से बचने लगे. बताया जा रहा है कि इसी बाघिन ने दो दिन पहले ग्राम सुरवाया में एक गाय पर हमला कर उसे मार दिया था. इस घटना के बाद से आसपास के गांवों में पहले से ही सतर्कता बनी हुई थी. माधव राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारियों ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है. वन विभाग की टीम द्वारा बाघिन की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है.

# प्रदेश में शीतलहर व कोहरे का प्रभाव जारी

## कई जिलों के स्कूलों में स्थानीय अवकाश

**भोपाल, 8 जनवरी. पिछले 24 घंटों के दौरान मध्यप्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहा. हालांकि ठंड के असर के चलते कई जिलों में शीत लहर, शीत दिन और कोहरे की स्थिति दर्ज की गई. शहडोल एवं छतरपुर (खजुराहो) जिलों में शीत लहर का प्रभाव रहा.**



कई जिलों के शासकीय और अशासकीय स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिए गए हैं। इसी बीच ग्वालियर में 9 और 10 जनवरी नर्सरी से लेकर कक्षा पांचवी तक के बच्चों के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं। इसके साथ ही कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा बाहरवीं तक के लिए स्कूलों का समय 10.30 से 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने यह आदेश जारी किया है। वहीं रीवा, टीकमगढ़, निवाड़ी और दतिया जिलों में शीतल दिन की स्थिति बनी रही, जबकि छतरपुर जिले के खजुराहो और नौगांव क्षेत्रों में तीव्र शीतल दिन दर्ज किया गया. पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में भी गिरावट देखी गई.

न्यूनतम तापमान की बात करें तो नर्मदापुरम संभाग के जिलों में न्यूनतम तापमान में 2.2 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की गई. अन्य संभागों में न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. रीवा और सागर संभागों के जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.6 से 2.3 डिग्री सेल्सियस तक कम रहा, जबकि बाकी जिलों में यह सामान्य बना रहा. मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पंजाब एवं आसपास के क्षेत्रों के ऊपर माध्य समुद्र तल से लगभग 3.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर ऊपरी हवा के चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में सक्रिय है.

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 17 को आएंगे विदिशा

**विदिशा**, 08 जनवरी. केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आगामी 17 जनवरी को मध्यप्रदेश के विदिशा जिले के प्रवास पर रहेंगे. अपने दौरे के दौरान वे सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा निर्मित कई महत्वपूर्ण सड़कों का लोकार्पण करेंगे तथा नई सड़क परियोजनाओं का भूमिपूजन भी करेंगे.

इस अवसर पर विदिशा की पुरानी गल्ला मंडी परिसर में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे. कार्यक्रम को लेकर प्रशासन और संबंधित विभागों द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं. विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने बताया कि केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं.

## हाईकोर्ट से यासीन मछली को फिर झटका

**जबलपुर,** 8 जनवरी. फर्जी विधानसभा एंट्री पास मामले में भोपाल के गैंगस्टर यासीन अहमद मछली को हाईकोर्ट से झटका लगा है. हाईकोर्ट जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने अपीलकर्ता के अपराधिक रिकॉर्ड तथा अपराध को गंभीर प्रवृत्ति का मानते हुए जमानत देने से इंकार कर दिया. भोपाल के अरेरा थाने में एडिटर गौरव शर्मा की तरफ से रिपोर्ट दर्ज करवाई गयी थी कि यासीन अहमद के द्वारा 'जर्नलिस्ट' विधानसभा पार्किंग पास नंबर 433 का इस्तेमाल कर रहे थे, जो उनकी गाड़ी नंबर एमपी- 04- टीबी-3950 के लिए जारी किया गया तथा और दिसंबर 2024 के विधानसभा सेशन के लिए वैलिड था. यासीन अहमद के द्वारा जिस विधानसभा पार्किंग पास का इस्तेमाल किया जा रहा है, वह नकली लग रहा था. वह अपनी गाड़ी नंबर एमपी- 04- जेडएल-0999 पर गैर-कानूनी तरीके से इसका इस्तेमाल कर रहे थे. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 318(4), 319(2), 336(3) और 340(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया था.

## एनएसयूआई ने फर्जी संस्थानों को संरक्षण देने का लगाया आरोप

**भोपाल,** 8 जनवरी. भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए हैं. संगठन का आरोप है कि फर्जी अस्पतालों, अयोग्य स्टाफ और नियमविरुद्ध चल रहे मेडिकल संस्थानों को संरक्षण दिया जा रहा है. एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा कि अनियमितताओं की शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई के बजाय उन्हें उजागर करने वालों को डराने का प्रयास किया जा रहा है. बताया कि वे कई महीनों से निजी अस्पतालों, नर्सिंग कॉलेजों और पैथोलॉजी लैब्स में हो रही गंभीर अनियमितताओं को लेकर लिखित शिकायतें करते आ रहे हैं. जिनके साथ दस्तावेजी साक्ष्य भी लगाए गए. इसके बावजूद न तो निरीक्षण दल भेजे गए और न ही किसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई या पंजीयन निरस्तीकरण किया गया.

# जन आक्रोश रैली को अनुमति नहीं

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी को दौरा करना पड़ा रद्द

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 8 जनवरी. ग्वालियर का पुलिस प्रशासन एवं प्रशासन भाजपा सरकार की कठपुतली की तरह काम कर रहा है।**

यह आरोप गुरूवार को पत्रकारों के समक्ष कांग्रेस के पूर्व मंत्री लाखन सिंह, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, विधायक डा. सतीश सिंह सिकरवार, विधायक साहब सिंह गुर्जर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल दोहरे तथा मोहना के जनपद पंचायत अध्यक्ष राधाकिशन धाकड ने संयुक्त रूप से लगाये। विधायकद्वय ने आरोप लगाते हुये कहा कि कांग्रेस ने किसानों की मांगों के सहित जनपद मोहना में सीएमओ द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार खाद संकट सहित अन्य मांगों को लेकर एक जन आक्रोश रैली आयोजित की थी। इस रैली में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित जयवर्धन सिंह, सांसद संजना जाटव सहित अन्य वरिष्ठ नेता पहुचने वाले थे।

पहले तो प्रशासन ने मौखिक रूप से सभा की अनुमति दे दी लेकिन जब कांग्रेस नेता सभा की तैयारी करा रहे थे तभी एक पटवारी से प्रशासन ने अनुमति रदद करने की सूचना दिलवाई। प्रशासन ने अपने आदेश में उच्च न्यायालय में संविधान निर्माता को लेकर चल रहे प्रकरण का हवाला देते हुये कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने की संभावना व्यक्त की गई।

### भ्रष्टाचार का सबूत देने के बाद भी कार्रवाई नहीं



नेताओं का कहना है कि जहां जहां कांग्रेस के महापौर-जनपद अध्यक्ष है उन लोगों को सरकार के नुमांइदे काम नहीं करने दे रहे। वहीं भ्रष्टाचार का सबूत देने के बाद भी न तो उनका तबादला किया है और न ही कोई अन्य कार्रवाई की गई है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि इस बार तो वह पुलिस प्रशासन और प्रशासन की बात मान रहे है, लेकिन आगे ऐसा हुआ तो आंदोलन करेंगे चाहे उन्हें जेल ही क्यों न जाना पडे।


**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

संख्या - W/623/1/NIT | दिनांक 31.12.2025

मंडल रेल प्रबंधक/मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली निविदा' ई-निविदा के माध्यम से वेबसाईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है -

| क्रम सं. | ई-टेण्डरिंग संख्या व कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बयाना राशी |
|---|---|---|---|
| 1 | RTM-2025-26-165<br>Godhra-Nagda section:- Reconstruction of old Dilapidated TRD depot buildings at BMI, NAD and PPD stations. | 3,79,89,652.44 | 3,40,000.00 |
| 2 | RTM-2025-26-166<br>Dahod Workshop - Modernization of stores depot Dahod. | 5,58,10,571.66 | 4,29,100.00 |

**अनुमानित मात्रा सभी के लिए :** As per Tender Schedule. **कार्य समापन अवधि : Sr. No. 1 & 2** - 18 Months; **Similar type of work: Sr. No.1** - Construction of any Building Work. **Sr. No.2** - Any Civil Engineering Work. **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि : Sr. No.1:** 23.12.2025, **Sr. No.2** - 31.12.2025 **निविदा खुलने की तिथि : Sr. No.1:** 19.01.2026, **Sr. No.2** - 27.01.2026. विस्तृत निविदा सूचना, अर्हता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है।

Apex/5/1/396

**मण्डल रेल प्रबंधक (कार्यलेखा) रतलाम पश्चिम रेलवे**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



HINDUJA HOUSING FINANCE

**HINDUJA HOUSING FINANCE LIMITED**

पंजीकृत कार्यालयः 27-ए, डेवलप्ड इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई - 600 032, तमिलनाडु।
ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com. क्षेत्रीय शाखा कार्यालयः ऑर्बिट मॉल, कार्यालय संख्या-153, पहली मंजिल, सी-21 मॉल के पास, विजय नगर, इंदौर, मध्य प्रदेशः 452010

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत बैंक के पास गिरवी रखी और न रखी गई चल संपत्तियों पर कब्जा लेने के संबंध में नोटिस (बैंक के पास गिरवी न रखी गई वस्तुओं का परित्याग)।**

संपत्ति पर कब्जा लेते समय, बैंक ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति के भीतर पाई गई चल संपत्ति/सामान/वस्तुओं की सूची तैयार की। बैंक ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति के भीतर पाई गई वस्तुओं की सूची तैयार की। सूची की एक प्रति संलग्न है/आयोजक के पास उपलब्ध है। आपसे अनुरोध है कि उक्त वस्तुओं को, जो बैंक के पास गिरवी/बंधक नहीं हैं, 7 दिनों के भीतर हटाने की व्यवस्था करें। यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसी वस्तुओं के किसी भी नुकसान/खो जाने के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं होगा। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि बैंक इन वस्तुओं के लिए कोई बीमा कवर प्राप्त नहीं करेगा, क्योंकि ये बैंक के पास गिरवी/बंधक नहीं हैं।


आप अधिकृत अधिकारी के साथ पूर्व निर्धारित समय पर अपने स्वयं के खर्च पर इन चल संपत्तियों पर कब्जा करने के लिए स्वतंत्र हैं। यदि आप इन चल संपत्तियों को तुरंत और/या 7 दिनों के भीतर (या 16.01.2026 तक) नहीं हटाते हैं, तो बैंक आपको इस संबंध में आगे सूचित किए बिना ही इन वस्तुओं को वापस करने के लिए बाध्य होगा। किसी भी बीमा और/या प्रतिभूतियों के मूल्य में किसी भी कमी के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं होगा। बैंक किसी भी कानूनी बाध्यता के अधीन नहीं है, फिर भी इन वस्तुओं को केवल प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करते हुए एक अलग स्थान पर रखा गया है। यह इस सूचना की अंतिम सूचना है कि आप इस सूचना के 7 दिनों के भीतर वस्तुओं की डिलीवरी लें, अन्यथा बैंक सभी वस्तुओं को वापस करने के लिए बाध्य होगा, जिसके लिए आप पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे।

| ऋण, गारंटर/सह-ऋण लेने वाले का नाम | मांग सूचना की तिथि, ऋण खाता संख्या और देय राशि सूचना के अनुसार | भौतिक कब्जे की तिथि |
|---|---|---|
| 1. श्री अंतिम जैन<br>2. श्रीमती अमीषा जैन | दिनांक 24/11/2022 और LAN: MP/IDR/INDR/A000000557.<br>राशिः 21,94,069/- (इक्कीस लाख चौरानवे हजार उनत्तर मात्र) | 27/09/2025 |
| संपत्ति का विवरणः फ्लैट संख्या 102, प्रथम मंजिल, संस्कार हाउस, प्लॉट संख्या 1/ई, साधना नगर (एरोड्रम रोड), तहसील और जिला इंदौर (मध्य प्रदेश)। कुल क्षेत्रफल 936 वर्ग फुट, निम्नलिखित चार सीमाओं से घिरा हुआ - पूर्वः फ्लैट संख्या 101, पश्चिमः फ्लैट संख्या 103, उत्तरः साझा मार्ग, दक्षिणः सड़क। | | |
| 1. श्रीमती प्रिया<br>2. श्री लाल सिंह | 26/03/2024 और LAN: MP/IDR/MCHL/A000000127<br>रू. 1012729/- (दस लाख बारह हजार सात सौ उनतीस मात्र) 16/03/2024 तक | 28/04/2025 |
| संपत्ति का विवरणः आवेदक/ऋणकर्ता/कों का नामः श्रीमती प्रिया। सह-आवेदक/कों का नामः श्री लाल सिंह। संपत्ति के स्वामी/स्वामियों का नामः प्रिया ठाकुर और लाल सिंह। संपत्ति का पताः मकान संख्या 3, हरना बादली क्षेत्र, ग्राम बिचोली हप्सी, इंदौर, मध्य प्रदेश, 452001। संपत्ति की सीमाएँः पूर्व में गंगाराम का मकान, पश्चिम में सामान्य रास्ता, उत्तर में सड़क, दक्षिण में मुख्य सड़क। | | |

स्थानः मध्य प्रदेश, दिनांकः 09/01/2026

हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी - हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60